The French Oratory, distinct from the Roman Oratory of Saint Philip Neri, was founded in 1611 by Cardinal Pierre de Bérulle. Given the religious wars that had ravaged France in the late sixteenth century, Cardinal Bérulle took a new approach to Calvinism, fighting not with weapons, but with sound reasoning and faith. He is recognized as one of the founders of the French School of Spirituality, a Catholic Counter-Reformation movement that fostered personal devotion. This movement, emphasizing the Incarnation and the deeply personal nature of God, shifted away from the heavy focus on doctrine common in scholasticism. Instead, it fostered an intimate devotion through love of God and personal conversion. This movement greatly appealed to Father John Eudes, and he became a strong follower and leader within it.

After his ordination in 1625, Father Eudes fell gravely ill and was bedridden for almost a year. Once he recovered, he was sent to Aubervilliers, just outside Paris, for further theological studies. In 1627, his father informed him of a plague that had broken out in a village near his hometown. Father Eudes quickly ministered to the physical and spiritual needs of the victims, particularly encouraging them to turn to their loving mother in Heaven and to rely upon her intercession. When another nearby town experienced the same plague a few years later, he did the same. This time, out of fear that

he would become infected and in turn infect others in the Oratory, he lived for a time in a barrel in an open field while ministering to the sick, unconcerned for his own well-being.

In 1633, Father Eudes began earnest preaching. He preached parish missions that would sometimes last for weeks or even longer. His sermons emphasized the mercy of God, and he rallied a large number of priests to hear confessions. He himself was an effective confessor who embodied the Heart of Christ to sinners. One parish after another was gradually transformed. During his missions, he developed a deep compassion for sinners trapped in cycles of sin, particularly prostitutes. To address their needs, he founded the Order of Our Lady of Charity of the Refuge in 1641, with the assistance of three Visitation sisters. The purpose of this order was to provide spiritual and material aid to repentant prostitutes who needed help to change their ways.

After ten years of preaching missions, Father Eudes began to notice that although people initially changed after a mission, they quickly fell back into their sins without ongoing spiritual support and guidance. To remedy this, Father Eudes turned his attention to the formation of the clergy. He realized he couldn't single-handedly evangelize and offer ongoing spiritual support to everyone, and so, in 1643, he left the Oratory and founded the Society of Jesus and Mary, later known as the Eudists. The aim of this new congregation was to provide for the formation of seminarians and parish missions. Over the next thirty years, Father Eudes founded six major seminaries in France at Caen, Coutances, Lisieux, Rouen, Évreux, and Rennes. These seminaries not only formed seminarians but also welcomed priests for further education, formation, and retreats, and offered teachings to the laity.

Devotion was at the heart of Father Eudes' ministry, and his most enduring legacies are his promotion of devotion to the Sacred Heart of Jesus and the Holy Heart of Mary. In 1648, with the permission of the local bishop, he instituted a feast in honor of the Holy Heart of Mary, fostering a realization of the love that the Blessed Mother had for her Son and for all people. Father Eudes later composed a Mass and Office in honor of the Sacred Heart of Jesus, which he celebrated with the bishop's permission for the first time in 1670. His goal was to reveal the infinite and personal love of Christ Jesus for His people. Providentially, in 1673, a French nun and mystic, later to be a saint, named Sister Margaret Mary Alacoque began to have visions of Jesus, in which He conveyed the importance of devotion to His Sacred Heart. Among His requests, Jesus told her that He wanted the Feast of His Sacred Heart to be celebrated on the Friday after the octave of Corpus Christi, in reparation for the ingratitude of people for His Sacrifice. Thus, what Father Eudes was inspired to do in 1670, Jesus confirmed through a mystic shortly afterward. In 1856, Pope Pius IX extended this Feast to the Universal Church.

Saint John Eudes emerged as one of many saints within the Church in France during a time of spiritual renewal, using the weapons of personal devotion, prayer, adoration, frequent Communion, and Confession. Hearts were transformed, not just minds. To ensure that this renewal would be ongoing, he dedicated himself and his newly founded order to the formation of priests, providing good shepherds who emulated the Heart of Jesus to God's people. As we honor this great saint, ponder all he did, especially his devotion to the Hearts of Mary and Jesus.

Miracles of Santarém, Portugal, 1247 & 1340

A Bleeding Host sheds Luminous Rays of Light

Introduction: Santarem, located within the district of Santarem, is a city 35 miles south of Fatima. The bleeding Host of Santarem is considered one of the most important Eucharistic Miracles of the world, perhaps, next only to that of Lanciano, Italy. Numerous investigations have been conducted about its authenticity all of which have proved the miracle to be genuine. This precious relic is preserved even to this day in the church of St Stephen in Santarem.

Miracle: In 1247, there lived in the village of Santarem, a young woman whose life was rendered miserable by the wayward activities of her unfaithful husband. In her despair she consulted a sorceress, who promised deliverance from her trials for the price of a consecrated Host. One day the woman concerned went to the church of St Stephen, received Holy Communion, and then took out the Host from her mouth, stealthily wrapped it in her veil, and then returned home in haste to hand it over to the sorceress. On reaching home the nervous woman opened the linen cloth only to discover that Blood was oozing from the sacred Host. Hoping to hide the blood-filled veil and its content, the panic-stricken woman placed them in a chest made of wood. At night the wooden chest began to emit brilliant rays of light which illumined the entire room. Noticing this strange phenomenon, the man questioned his wife who nervously confessed her sacrilegious act. Both the husband and the wife knelt in adoration for the remaining hours of the night.. Early morning the couple met the parish priest and narrated to him the entire episode. The priest in turn went to their house and brought the Blessed Sacrament to the church of St Stephen in solemn procession accompanied by the clergy and laity, enthroned it in a reliquary made of bee-wax and placed it securely in the tabernacle. An episcopal investigation was promptly organized.

In 1340, another miracle took place in the same church of St Stephen, Santarem. One day when the pastor opened the tabernacle he was taken aback to find that the wax that had encased the miraculous Host (of 1247) was found broken into several pieces and it was also found mysteriously enclosed in a crystal pyx. This was later placed in gold and silver pear-shaped monstrance with a "sunburst" of 33 rays, in which it is still contained and exhibited above the main altar of St Stephen's church for the admiration and veneration of the pilgrims.

Ecclesiastical recognition: The Host is somewhat irregularly shaped, with delicate veins running from top to bottom, where a quantity of blood is collected in the crystal. According to Dr Arthur Hoagland, a New Jersey physician who has observed the miraculous Host many times over a period of years, the coagulated blood at the bottom of the reliquary sometimes takes the colour of fresh blood and at other times that of dried blood. With the approval of the ecclesiastical authorities the church of St Stephen has been renamed as the 'Sanctuary of the Holy Miracle. In the past several centuries, this sacred Host has shed Blood on different occasions and in some cases various images of our Lord were seen in the Holy Eucharist. Before departing for the Indies, St Francis Xavier was one of the privileged witnesses of this prodigy. Popes like Pius IV, St Pius V, Pius VI and Gregory XIV had reached this holy city of Santarem to venerate the miraculous Body and Blood of our Lord.

Note: Published with due permission of the author of the book- Fr. Anthony Netikat CM "100 Eucharistic Miracles."

ईश्वरीय ज्ञान

विद्वानों का मत है कि मनुष्य के सभी व्यवहार अपने–अपने अभ्युदय (उन्नति) के लिए ही किए जाते हैं। इसके लिए मनुष्य कई मार्ग अपनाता है, जिनमें मुख्य रूप से तीन मार्ग हैं–नीति मार्ग, धर्म मार्ग और ज्ञान मार्ग।

इनमें सबसे अहम ज्ञान मार्ग है, जो मनुष्य को ईश्वर की ओर ले जाता है। अर्थात, जीवन जीना है तो ईश्वर की ओर या ईश्वर के विपरीत दिशा में। विपरीत दिशा में जीने के लिए किसी प्रकार के अभ्यास की आवश्यकता नहीं होती, लेकिन ईश्वर की ओर जीना है, तो सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाना पड़ता है।

जीवन सुख–दुख, लाभ–हानि और जय–पराजय के विविध द्वंद्वों से भरा है। जीवन में कोई भी परिस्थिति, चाहे सुख हो या दुख, चिरस्थायी (स्थाई) नहीं होती। किंतु हमें हर परिस्थिति में सकारात्मक भाव रखना चाहिए और फलाकांक्षा (फल की इच्छा) से रहित होकर कर्म करते रहना चाहिए। इसमें न पतन की आशंका है और न ही केवल सांसारिक उन्नति की आकांक्षा।

इसलिए सज्जन, ज्ञानी और सकारात्मक व्यक्तियों की संगति वरणीय (अपनाने योग्य) है, जिनकी प्रेरणा से हम जीवन के उच्चतम शिखर को छूने में समर्थ बन सकें। संगति का प्रभाव स्वयं पर भी सीधा पड़ता है और समाज में भी हमारी साख को प्रभावित करता है। वास्तव में, सकारात्मक जीवन का मार्ग एक तपस्या का मार्ग है, क्योंकि इस मार्ग में बाधाएँ बहुत हैं।

पवित्र ग्रंथ कहता है:

"प्रज्ञा, ज्ञान और प्रभु पर श्रद्धा–यही तुम्हारा खजाना होगा।" (यशायाह 33:6)

जैसे–जैसे ईश्वरीय ज्ञान बढ़ता है, ईश्वर पर श्रद्धा–भाव भी बढ़ता है। श्रद्धा–भाव में विनम्रता, करुणा, दया और सहिष्णुता का भाव होता है–स्वामित्व (मालिक होने) का भाव लेशमात्र भी नहीं होता, जिस कारण अहंकार जन्म ही नहीं लेता। स्वामित्व के अधिकार के कारण ही अहंकार पनपता है।

येशु (यीशु) और हमारा रिश्ता मित्रता का है। एक सच्चा मित्र अपने अधिकार–क्षेत्र की बातें भी हमें बताता है। येशु स्वयं इसके साक्षी हैं। उन्होंने कहा: "अब से मैं तुम्हें सेवक नहीं कहूँगा, क्योंकि सेवक नहीं जानता कि उसका स्वामी क्या करने वाला है। मैंने तुम्हें मित्र कहा है, क्योंकि मैंने अपने पिता से जो कुछ सुना, वह सब तुम्हें बता दिया।"
(योहन 15:15)

येशु से बढ़कर हमारा अपना कौन सच्चा मित्र हो सकता है?

अहंकार और सकारात्मकता

ईश्वर के प्रति आभार प्रदर्शित करने और श्रद्धा प्रकट करने की धार्मिक परंपरा है–हर बात पर प्रभु को धन्यवाद देना। इस तरह की परंपराएँ व्यक्ति को दूसरों का सम्मान करने के लिए प्रेरित करती हैं। इन क्रियाओं से विनम्रता का भाव बढ़ता है और अहंकार कम होता है। व्यक्ति स्वयं के अतिरिक्त किसी अन्य के लिए भी चिंतित होता है। आगे चलकर यही भाव मानव जाति के लिए दया और करुणा के रूप में फलित होने लगता है। व्यक्ति अनंत जीवन के प्रति भी चिंतित होने लगता है और स्वयं उस मार्ग के प्रति विचार करता है। यही तो ईश्वर का ऋण चुकाने का मार्ग भी है और यही मन की संतुष्टि का मूल धरातल है।

सकारात्मक जीवन जीने के भाव में क्षमा करना और प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से क्षमा माँगना शामिल है। जीवन में जहाँ क्षमा–भाव है, वहाँ शत्रुता नहीं हो सकती।

हमारा अहंभाव नकारात्मक होता है। हम अनेक प्रकार के अहंकार पाले रखते हैं–उम्र का, पद का, धन का, ज्ञान का आदि। इन अहंकारों के कारण व्यक्ति दूसरों को हेय (तुच्छ) दृष्टि से देखता है और स्वयं को श्रेष्ठ मानता है। यदि हमें यह समझ आ जाए कि जिस बल या साधन के दम पर मैं फूला हुआ हूँ, वह ईश्वर की ही देन है–जिस ईश्वर ने मुझे बनाया है, उसी ने दूसरों को भी बनाया है, तब कोई मेरा मित्र है या शत्रु, सब उसी के इशारे पर है। कोई अपनी मर्जी से कुछ नहीं कर रहा।

तब व्यक्तिगत राग या द्वेष कैसा? कोई छोटा या बड़ा कैसा? कोई अपनी मर्जी से सुंदर या कुरूप, लंगड़ा या लूला तो नहीं होता। जब हम सभी ईश्वर के हाथ की कठपुतली हैं, तब मैं अकेला ही दूसरों से बड़ा या अच्छा कैसे हो गया?

पवित्र ग्रंथ में कहा गया है:

"जब तुम्हें अपनी ही आँख की शहतीर (लट्ठ) का पता नहीं, तो तुम अपने भाई की आँख का तिनका क्यों देखते हो?" (संत मत्ती 7:3)

मोह से मुक्ति और सेवा का मार्ग

दूसरों से स्वयं को अलग समझना ही नकारात्मकता है। केवल स्वयं के लिए जीना नकारात्मकता है। नदी की तरह सहज रूप से बहते जाना और केवल देने का भाव रखना ही सच्चा जीवन है। बहते पानी में पड़े नुकीले पत्थर भी घिसकर गोल हो जाते हैं। पेड़ की तरह बिना किसी अपेक्षा के सभी पथिकों को छाया देना–यही तो वात्सल्य और मातृत्व भाव का महत्त्व है।

देने का भाव ही दूसरों के लिए जीना है। देने से प्रसन्नता का भाव बढ़ता है और दूसरों को प्रसन्न करने की इच्छा बलवती होती जाती है। यही भावना आगे चलकर सेवा का स्थायी रूप ले लेती है, और यही धर्म मार्ग है।

आज व्यक्ति केवल अपने शरीर, पद और नाम पर घमंड करता है। उसे लगता है कि उसके जैसा दूसरा कोई नहीं। जैसे–जैसे वह उम्र, धन, पद या शोहरत में बड़ा होता जाता है, उसकी पहली मार उसके परिवार पर ही पड़ती है, क्योंकि समय के साथ उसकी नजर में परिवार के बाकी सब लोग छोटे होते चले जाते हैं।

गुलाब के फूल को देखिए–क्या उसकी इज्जत उसकी पंखुड़ियों से नहीं है? क्या काँटों के बिना वह सुरक्षित रह सकता है? यदि उसकी पंखुड़ियाँ गिर जाएँ, तो उसकी सुगंध भी चली जाएगी। इन सब बातों को देखकर ही व्यक्ति अपने जीवन की वास्तविक सच्चाई को समझ सकता है।

''मैं'' (अहंकार) में रहकर हम अपनी आत्मा को नहीं समझ पाएँगे। ''मैं'' शब्द में अहंकार और स्वार्थ छिपा है। ''मैं'' शब्द मोह को जन्म देता है। मोह का अर्थ है, गहरा लगाव और आसक्ति। यहूदा के साथ भी यही हुआ था, तभी उसने पूछाः

''यदि मैं येशु को आप लोगों के हवाले कर दूँ, तो आप मुझे क्या देने को तैयार हैं?''
(संत मत्ती 26:15)

काम, क्रोध, लोभ आदि सब मोह के कारण ही व्यक्ति को घेर लेते हैं। हमारा सबसे बड़ा शत्रु भी मोह ही है। मोह वह अदृश्य रस्सी है जो हमें बाँधकर रखती है, जबकि वह क्षणभंगुर (नाशवान) है। फिर भी हमें लगता है कि वही सब कुछ है।

हममें ईश्वर का अंश है। अतः जब हम स्वयं ईश्वरांश हैं, तो मोह केवल ईश्वर से ही रखना चाहिए। यह भावना यदि सभी में आ जाए, तो संसार से नश्वर मोह स्वतः समाप्त हो जाएगा।

पवित्र ग्रंथ साक्षी देता हैः

''सावधान रहो और हर प्रकार के लोभ से बचे रहो, क्योंकि किसी के पास कितनी ही संपत्ति क्यों न हो, उस संपत्ति से उसके जीवन की रक्षा नहीं होती।''
(संत लूकस 12:15)

अंधकार से प्रकाश की ओर

धर्म मार्ग ही ईश्वरीय मार्ग है। उस ईश्वरीय मार्ग पर चलने के लिए अंधकार को भेदकर प्रकाश का मार्ग अपनाना होगा।

''पृथ्वी उजाड़ और सुनसान थी, अथाह गर्त पर अंधकार छाया हुआ था।''
(उत्पत्ति 1:2)

फिर प्रकाश की सृष्टि की गई, क्योंकि प्रकाश के बिना ईश्वर की योजना पूरी नहीं होती। उस समय भी अंधकार की शक्तियाँ प्रबल थीं और अपने सृष्टिकर्ता की विपरीत दिशा में चलती थीं। प्रकाश क्या है? प्रकाश वह है जो अदृश्य को दृष्टिगोचर (देखने योग्य) बनाता है।

येशु कहते हैंः

''तुम संसार की ज्योति हो।'' (संत मत्ती 5:14)

''तुम्हारी ज्योति मनुष्यों के सामने चमकती रहे, जिससे वे तुम्हारे भले कामों को देखकर तुम्हारे स्वर्गिक पिता की महिमा करें।'' (संत मत्ती 5:16)

येशु का यह वचन साधारण वचन नहीं है, क्योंकि संसार की ज्योति बनकर जीना कोई आसान बात नहीं है। यह राह कठिन है, क्योंकि अंधकार में हो रहे अन्याय और अपराधों को प्रकाश में लाना और न्याय दिलाना–जिसके द्वारा ज्योति प्रज्वलित रहे–आसान नहीं होता।

हमारी सबसे बड़ी लड़ाई स्वयं से होती है। हम अपनी असली इच्छा और सत्य को प्रकाश में लाने से डरते हैं। हम अपने भीतर नहीं झाँकते, बाहर देखते हैं और बाहर से ही तय करते हैं कि हमें प्रकाश में क्या लाना है।

फूल देने वाले पौधों को देखिए–विपरीत परिस्थितियों में भी वे फूल देना नहीं भूलते। इसीलिए कहते हैं कि हार परिस्थितियों से नहीं होती, हार तब होती है जब हम स्वयं हार मान लेते हैं।

दीया जलाकर कहाँ रखना है? ईश्वरीय मार्ग अपनाकर अंधकार की शक्तियों के अधीन रहना क्या उचित है? इस पर हमें गहराई से विचार करना चाहिए।

सेबेस्टियन पी. जे.

Bible Quiz – July 2026

ANSWERS:

1. Sacraments are sacred visible signs instituted by Jesus Christ that effectivity transmit invisible divine grace to those who receive them.
2. There are seven Sacraments: Baptism, Confirmation, Holy Eucharist, Penance (Reconciliation), Anointing of the Sick, Holy Orders, Matrimony.
3. The Sacraments of Initiation are: Baptism, Confirmation, Holy Eucharist.
4. They are called Sacraments of Initiation because together they lay the foundation of every Christian life, fully welcoming and incorporating a person into the Body of Christ, which is the church.
5. The healing Sacraments are: Penance (Reconciliation) and Anointing of the Sick.
6. The Sacraments receive their power to give grace from Jesus Christ.
7. The Sacraments that can be received only once are: Baptism, Confirmation and Holy Orders.
8. The sacrament of baptism is the foundational Christian rite of initiation. Through the symbolic use of water—either by immersion or pouring—the recipient is cleansed of sin, spiritually reborn as a child of God, and welcomed into the community of the Church.
9. Yes. Both original sin and all personal sins are forgiven in Baptism.
10. Every unbaptized person, whether an adult or an infant, is eligible to receive the sacrament of baptism.
11. According to the Catechism of the Catholic Church (CCC 1257), baptism is necessary for salvation because Jesus Christ explicitly commanded it and linked it to entering the Kingdom of God.
12. The word "Christening" means giving a Christian name in Baptism.
13. A saint's name is given in baptism to provide the newly baptized person with a heavenly patron, a spiritual protector, and a model of Christian virtue to imitate.
14. Godfathers and godmothers (godparents) are included in a baptism to act as spiritual guides, mentors, and role models who help the child grow in their Christian faith.
15. The purpose of the baptismal font is to hold the blessed water during the sacrament of Baptism.
16. The sacrament of Confirmation deepens baptismal grace, seals the person with the gifts of the Holy Spirit, and strengthens them to actively live and defend the faith.
17. Every baptized Catholic who is properly prepared can receive the sacrament of Confirmation.
18. The sacrament of Confirmation is necessary because it completes the grace of baptism and provides the special strength of the Holy Spirit needed to live, spread, and defend the Christian faith.
19. The Bishop uses Sacred Chrism (holy oil) in anointing the person he confirms.
20. Confirmation is given by the Bishop, who lays his hands on the person, anoints the forehead with Sacred Chrism, and says, "Be sealed with the Gift of the Holy Spirit."

Bible Quiz - August 2026

QUESTIONS: Gospel of St Mathew–Chapters 9-16

1 What did Jesus ask his disciples to pray to the Lord of the harvest for?
2. According to Jesus, what would happen to those who find their life?
3. What did John do when he heard in prison about what the Messiah was doing? 4. In Jesus' own words, who is greater than John the Baptist?
5. When John came neither eating nor drinking, what did the people say?
6. What would Jesus give to those who are weary and are carrying heavy burdens?
7. While speaking about observing the Sabbath, what did Jesus say David did when he and his companions were hungry?
8. When Jesus cured a demoniac who was blind and mute, what did the Pharisees say?
9. Speaking about his death and resurrection after three days what sign did Jesus give to the scribes and Pharisees?
10. Who are Jesus' mother, sisters and brothers?
11. In the parable of the sower, how many kinds of soil does Jesus mention?
12. In the words of Jesus, which is the smallest of all seeds?
13. In the parable of the weeds, who is the one who sows the good seed?
14. Why did Jesus not do many deeds of power at Nazareth?
15. Who had arrested John the Baptist, bound him and put him in prison?
16. Why was John the Baptist arrested and put in prison?
17. Why did Herod not dare to put Jesus to death?
18. What will happen if one blind person guides another blind person?
19. What did Jesus call the Pharisees and Sadducees when they asked for a sign from heaven?
20. What did Jesus mean when he warned the apostles about the yeast of the Pharisees and Sadducees?

Prayer for Rain

O God, in whom we live and move and have our being, grant us sufficient rain, so that, being supplied with what sustains us in this present life, we may seek more confidently what sustains us for eternity. Through our Lord Jesus Christ, your Son, who lives and reigns with you in the unity of the Holy Spirit, one God, for ever and ever. Amen.



SUNDAY READINGS AND MEDITATION

वर्ष का अठारहवाँ रविवार
इसायाह 55:1–3, रोमियों 8:35, 37–39, सतं मत्ती 14:13–21

''मेरी बात पर ध्यान दो और तुम्हारी आत्मा को जीवन प्राप्त होगा''

भूख कई प्रकार के होते हैं और हम मानव उन्हें पूरा करने या शान्त करने के अपना जीवन समाप्त कर देते हैं। आज के पाठ हमें मानवीय भूखों के कुछ अंश प्रस्तुत करते हैं जिससे हम उन पर मनन–चिन्तन कर सकें। भूख कई प्रकार के होते हैं – शारीरिक, बौद्धिक, भावनात्मक और आध्यात्मिक भूख। इन्हें अन्य प्रकारों में भी विभाजित कर सकते हैं।

शारीरिक भूख – यह निम्न स्तर का भूख है लेकिन बहुत ही महत्वपूर्ण है क्योंकि जब तक शारीरिक भूख शान्त नहीं होती हम उससे ऊपर नहीं उठ सकते हैं। मानव अपने पेट और इन्द्रियों की भूख को शान्त करने के लिए दिन–रात मेहनत करता है। कभी–कभी हम इसी शारीरिक भूख को शान्त करने में अपना जीवन व्यतीत कर देते हैं। याद रखें तन की भूख मानव के मन को बीमार बना देती है तो इन्द्रियों की भूख किस हद तक जा सकती है।

बौद्धिक भूख–कुछ जानने की इच्छा हर व्यक्ति में है। यही जिज्ञासा हमें कुछ नया सीखने या जानने के लिए प्रेरित करती है। हम नई–नई जानकारियों और ज्ञान को हासिल कर अपनी बौद्धिक भूख को मिटाते हैं। भावनात्मक भूख–मानवीय जीवन सुखमय और आनन्दमय हो जाता है जब हमारी भावनात्मक भूख तृप्त हो जाती है। भावनात्मक भूख में प्रेम या प्यार पाने की भूख बहुत ही महत्वपूर्ण है। मानव प्रेम पाने के लिए क्या–क्या नहीं करता है। प्रेम का भाव मानव को सुरक्षित, संपन्न और मानसिक रूप से स्वस्थ और शक्तिशाली बनता है। इसके अभाव में यह अन्य दुगुर्णों और भावनाओं जैसे क्रोध, ईर्ष्या, जलन और घृणा को जन्म देता है।

आध्यात्मिक भूख– आध्यात्मिक भूख जीवन के उद्देश्य या अर्थ पर मनन–चिन्तन करने के लिए आमंत्रित करती है। कुछ बातें और प्रश्न हमें इस भूख को शान्त करने के लिए प्रेरित करती हैं जैसे जीवन क्या है? मैं कौन हूँ? मेरे जीवन का क्या उद्देश्य है?

हमारा जीवन इन भूखों को विशेषकर शारीरिक, बौद्धिक और भावनात्मक भूखों को शान्त करने में गुजर जाता है । जब हम इन भूखों को शान्त कर लेते हैं तब आध्यात्मिक चीजों की खोज करते हैं। संत पौलुस के अन्दर आध्यात्मिक भूख थी और यही कारण है कि वह जानता था कि दुनियाँ की कोई भी ताकत उसे प्रभु येसु से अलग नहीं कर सकती है। तभी वह यह कहने योग्य बन सका ''कौन हमें मसीह के प्रेम से वंचित कर सकता है''।

हम अभी भी नश्वर भोजन की तलाश में दिन–रात परिश्रम करते हैं। हम व्यर्थ हम अपना रूपया खर्च करते हैं (जो भोजन नहीं है उसके लिए तुम लोग अपना रूपया क्यों खर्च करते हो; जो तृप्ति नहीं दे सकता है, उसके लिए परिश्रम क्यों करते हो)। लेकिन न तो हमारी भूख मिटती है और न ही हम तृप्त हुए है। यह हमारे मरण तक चलता है। आइये हम प्रभु से प्रार्थना करें कि वह हमें स्वर्गिक रोटी प्रदान करे जो अनन्त जीवन प्रदान करती है

और हमारी भूख को मिटाती तथा प्यास को बुझाती है।

वर्ष का उन्नीसवाँ रविवार
1 राजाओं 19:9, 11–13; रोमियों 9:1–5; संत मत्ती 14:22–33

डर मनुष्य को जिन्दा ही मार देती है। एक शोध के अनुसार एक कैदी को मृत्युदंड की सजा सुनाई गयी थी। निर्धारित तारीख को उसे यह बताया गया कि उसे एक विषैले सर्प से डस कर मारा जायेगा। उसे चेहरे पर नकाब पहनाया गया और उसे मृत्युदंड के लिए ले जाया गया। चूंकि उसे बताया गया था कि उसे साँप से डस कर मारा जायेगा, वह बहुत ही भयभीत था। उसे एक कुर्सी पर बैठाया गया और उसके हाथ में नुकीला पिन चुभाया। कुछ समय पश्चात उस कैदी की मृत्यु हो गयी। उसकी मृत्यु का कारण साँप का जहर था। वह इतना डर गया था कि उसके शरीर के अन्दर ही अन्दर ऐसा विष पैदा हो गया जिससे उसकी मृत्यु हो गयी। हमारा जीवन भी इस घटना से अलग नहीं है। हम भी प्रतिदिन डर और संदेह में जीवन जीते हैं।

डर के कारण ही नबी एलियाह होरेब पर्वत की ओर भाग जाता है। हमारे जीवन में सबसे खतरनाक और भयावह डर मौत का डर है। लेकिन दैनिक जीवन की कुछ घटनायें हमें बहुत ही डरावनी लगती हैं और हम यह सोचते हुए उनसे दूर भागने की कोशिश करते हैं कि हम बच जायेंगे। नबी एलियाह जो कुछ देर पहले बहुत ही शक्तिशाली नबी था। उसने प्रभु को बलि चढ़ायी थी और यह सिद्ध किया था कि इस्राएल का ईश्वर ही सच्चा ईश्वर है। उसने बाल के साढ़े चार सौ पुजारियों को मौत के घाट उतारा था, अभी स्वयं अपने को रानी ईज़ेबेल से बचाने के लिए भाग जाता है। तब प्रभु उसे यह एहसास दिलाता है कि वह उसके साथ है; प्रभु ईश्वर उसकी रक्षा करता है।

संदेह हमें असुरक्षित कर देती है। इसके साथ ही साथ डर भी हमारे अन्दर घर बना लेती है। असुरक्षा की भावना कई घटनाओं का परिणाम है जो बार–बार हमें यह याद दिलाता है कि मैं असुरक्षित हूँ। यह हमें अन्दर ही अन्दर बेचैन कर देती है। यह एक धारणा या सोच बन जाती है। पेत्रुस का यही संदेह कि क्या वह सचमुच ईसा है डर में बदल जाती है वह डूबने लगता है। जीवन में ऐसे कई पल आते हैं जब हम अपने आप में अपनी क्षमताओं और गुणों में संदेह करने लगते हैं और असफल हो जाते हैं या डूब जाते हैं। सर्वप्रथम हमें यह अनुभव करना है कि प्रभु सदैव हमारे साथ हैं चाहे वह दुःख, परेशानी व सतावट का समय क्यों ना हो या फिर भी खुशी और आनन्द का पल ही क्यों ना हो। ईश्वर सदैव हमारे साथ है।

ईश्वर हमें बुलाता है कि हम उसकी उपस्थिति में आ जायें। ईश्वर ने नबी एलियाह को गुफा से बाहर निकल आने के लिए कहा (निकल आओ और पर्वत पर प्रभु के सामने उपस्थित हो जाओ)। प्रभु येसु ने पेत्रुस को अपने पास पानी पर चल कर आने के लिए कहा। इसका तात्पर्य है कि हमें ईश्वर पर पूर्ण विश्वास करते हुए अपने जीवन की चुनौतियों को सामना करना सीखना है। हमारे अन्दर जो डर है उसे हम प्रभु के हाथों में सौंप दें क्योकि प्रभु ही हमें बचा सकते हैं। मानव की अपेक्षा हम ईश्वर में अपना विश्वास दृढ़ बनायें।

वर्ष का बीसवाँ रविवार
इसायस 56:1, 6–7; रोमियों 11:13–15, 29–32; संत मत्ती 15:21–28

प्रत्येक व्यक्ति एक विशेष कार्य के लिए चुना और बुलाया गया है। आज दुनियाँ में निराशा और नकारात्मकता की कमी नहीं है। इसका एक कारण है कि हम अपने बुलावे को त्याग कर दूसरों की

नकल और बुराई करने में अपना जीवन गुजार देते हैं। आज संत पौलुस अपने बुलाहट पर गर्व करते हैं कि उन्हें गैर–यहूदियों के बीच सुसमाचार प्रचार के लिए बुलाया गया है। वे येसु ख्रीस्त के बुलावे और इस धर्मसेवा के लिए गर्वान्वित महसूस करते हैं। यहूदी लोग इस बात पर गर्व करते थे कि ईश्वर ने उन्हें चुना है और इसीलिए वे गैर–यहूदियों की उपेक्षा करते थे। उनके साथ उठना–बैठना, खाना–पीना और अन्य कार्यकलाप करना उन्हें अशुद्ध बना देती थी। यही सोच या धारणा उन्हें ईश्वरीय दया और अनुग्रह से वंचित कर देती है।

आज का परिवेश भी कोई अलग नहीं है। हम भी भेदभाव की भावना से ग्रसित हैं चाहे वह जाति का हो या धर्म का, नाम का हो या पद का, सम्पन्नता का हो या निर्धनता का। यहाँ तक कि धार्मिक पूजन विधि भी इस दायरे में आ गयी कि हमारी पूजन विधि अन्य विधियों से उच्च या श्रेष्ठ है। आज जब हम सुसमाचार में मनन–चिन्तन करते हैं तो शायद कुछ इन्हीं मनोभावों को पाते हैं जहाँ प्रभु येसु अपने शिष्यों को उत्तर देते हैं, ''मैं केवल इस्राएल के घराने की खोई हुई भेड़ों के पास भेजा गया हूँ''। लेकिन वास्तव में प्रभु अपने शिष्यों और अनुयायियों में वही विश्वास पैदा करना चाहते हैं जो गैर–यहूदियों या गैर–इस्राएली भाई–बहनों में है। उनकी आस्था जो प्रभु के अनुयायी थे उनसे बढ़कर थी। यही कारण है कि अन्त में उस स्त्री की बेटी भली–चंगी हो जाती है। सुसमाचार में वर्णित चंगाई के कार्यों में उन घटनाओं का वर्णन किया है जो हमें अपने विश्वास पर मनन–चिन्तन करने के लिए मजबूर कर देते हैं। कुछ चंगाई के कार्य जैसे–शतपति के नौकर को स्वास्थ्य लाभ (मत्ती 8:13); अधिकारी की बेटी और रक्तस्राव–पीड़िता (मत्ती 9:26); कनानी स्त्री (मत्ती 15:21–28) यहूदियों के विश्वास पर प्रश्नचिह्न हैं।

हम भी अपने विश्वास पर मनन–चिन्तन कर देंखें जब हम अपने आप को दूसरों से बेहतर ख्रीस्तीय समझते हैं और दूसरों को नीचा दिखाने के लिए हर संभव असफल प्रयास करते हैं। यह जाँच कर देखें कि मैं किस तरह से दूसरों के साथ भेदभाव करता हूँ या दूसरों को ऐसा करने के लिए उकसाता हूँ। कभी–कभी हम दूर से ही इन चीजों का आनन्द लेते हैं और अपने को ख्रीस्तीय कहते हैं। ईश्वर हमें अच्छाई का वरदान और अुनग्रह प्रदान करता है जिससे हम भी दूसरों की भलाई करते हुए अच्छा जीवन जीयें। हमारा बुलावा भलाई करने का है चाहे हम किसी भी पद, कार्यक्षेत्र, सम्पन्न या कम सम्पन्न हो, हमेशा भलाई करते रहें। तब जब हम उसके घर में प्रार्थना करने या बलि चढ़ाने जाते हैं वह सुग्राह्य होगा। ईश्वर हमारे अच्छे कार्यों से प्रसन्न होते हैं और इसके लिए हम निरन्तर प्रयत्न करते रहें। यहाँ तक कि जब हम दुःख, कठिनाई या अत्याचारों का सामना करते हैं, उस पल भी भले कार्य करते रहें। यही हर एक ख्रीस्तीय का बुलावा है।

वर्ष का इक्कीसवाँ रविवार
इसायस 22:19–23; रोमियों 11:33–36; संत मत्ती 16:13–20

एक यहूदी धर्मगुरू (रब्बी) थे। उनका परिवार सुखमय और खुशी से जीवन व्यतीत कर रहे थे। एक दिन अपनी दैनिक कार्यानुसार अपने घर से बाहर गये हुए थे। उनकी पत्नी और उनके दो बच्चे घर में थे। दोपहर भोजन के बाद अचानक ही दोनों बच्चों की मौत हो गयी। रब्बी की पत्नी को कुछ भी नहीं सूझ रहा था कि वह क्या करे। उसने उन दोनों बच्चों के शव को एक कमरे में रखा और उन्हें चादर से ढंक दिया। वह बहुत की दुःखित मन से अपने पति के आने का इंतजार करने लगी। शाम को जब उनके पति आए तो वह उन्हें उस कमरे में ले गयी

जहाँ उनके दोनों बच्चे मृत पड़े हुए थे। रब्बी अपने दोनों बच्चों के शव को देखकर केवल यही कह रहे थे, ''उन्होंने दिया था, उन्होंने ले लिया''। यह कहानी उस यहूदी धर्मगुरू के विश्वास को प्रकट करती है जो यह विश्वास करता था कि ईश्वर ही हमें सब कुछ देता है और उसके बिना हमें कुछ भी प्राप्त नहीं होता है। याद रखें अन्याय या बेईमानी से कमाया हुआ धन या प्राप्त की वस्तु कभी भी हमारी नहीं होती है।

संत पौलुस हमारे समक्ष शाश्वत ईश्वर का वर्णन करते हैं कि प्रभु का मन कौन जान सका है। हम जो सृष्ट और मरणशील हैं ईश्वर को जानने की कोशिश करते हैं। हम विश्वास कम और संदेह ज्यादा करते हैं। हम ईश्वर की योजना, उसके द्वारा प्रदत्त वरदानों और अनुग्रहों पर संदेह करते हैं। कभी–कभी तो हम उसके अस्तित्व पर भी प्रश्न उठाते हैं। हमारा जीवन ईश्वर का दिया हुआ एक अमूल्य वरदान है जिसके बदले में हम कुछ भी नहीं दे सकते हैं। जब हम यह समझ जायेगें तब अपने जीवन को सार्थक बनाने की पूरी कोशिश करेंगे, नहीं तो हम अपने यश, नाम, पद और सांसारिक वैभव के पीछे दौड़ते रहेंगे। जब हम अपनी क्षणभंगुरता को जान जायेंगे तब हम एक ईमानदारी और आनन्द का जीवन व्यतीत करेगें। हम भविष्य के लिए योजना बनायेगें लेकिन नैतिकता और मानवता सदैव हमारे अन्तरतम में रहेगी जो बार–बार हमें अच्छे कर्म करने के लिए प्रेरित करेगी।

जब लोग हमारे बारे में अच्छा या बुरा बोलते हैं तब हमें अपने बारे में कुछ ईमानदार मित्रगणों और उन लोगों से राय लेनी चाहिए जो हमें अच्छी तरह से जानते हैं। कभी–कभी तो चापलूसी करने वाले हमारी प्रशंसा के महल खड़ा कर देते हैं और हमें अपनी गलतियों व कमजोरियों का एहसास नहीं होता है। प्रभु येसु आज के सुसमाचार में अपने शिष्यों से अपने बारे में पूछते हैं कि लोग क्या कहते हैं और आप लोग क्या कहते हो। दोनों ही बातें मनन–चिन्तन करने योग्य हैं। लोग क्या कहते हैं–लोग केवल इतना ही बता सकते हैं जितना वे देखते या सुनते हैं जो हमारे दैनिक जीवन में होती है। इसीलिए कुछ अपवाहें और गलतफहमी हमारे बारे में हमेशा बनी रहती है। लेकिन जो हमेशा आपके साथ रहते हैं वे आपकी अच्छाईयाँ और बुराईयाँ दोनों जानते हैं उनकी राय अलग होगी। पेत्रुस यहाँ प्रभु येसु की प्रशंसा अपने छुपे लक्ष्य प्राप्ति के लिए नहीं करते हैं बल्कि यह ईश्वर द्वारा उन पर प्रकट किया गया। हमें भी ईश्वर इस योग्य और कृपा पात्र बना दे कि हम ईश्वर को सचमुच में पहचान सकें। प्रभु येसु ख्रीस्त मसीह हैं और इसलिए उनके कर्म ईश्वर प्रेरित थे तथा केवल शिष्यगण ही सौभाग्यशाली थे यह बात जानते थे। हम भी अपनी कमजोरियों की पहचान करें, उन्हें सुधारें और ईश्वर के कृपापात्र बनें।

वर्ष का बाईसवाँ रविवार
यिरमियाह 20:7–9, रोमियों 12:1–2, संत मत्ती 16:21–27

''मनुष्य को इससे क्या लाभ यदि वह सारा संसार प्राप्त कर ले, लेकिन अपना जीवन गँवा दे?''

यह कहाँ/कब खत्म होगी? ज्यादा कमाने या ज्यादा पाने की इच्छा और चाह खत्म होने का नाम ही नहीं लेती है। मानव अपना जीवन और बेहतर बनाने; अधिक सुख–सुविधाओं को पाने के लिए रात और दिन परिश्रम करता है लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण अधिकांश समय वह इनका सुख नहीं भोग पाता है। एक धनी ज़मीदार था। उसे एक बार बहुत ज़मीन मिलने का मौका मिला। लेकिन शर्त यह थी कि वह सूर्यास्त तक जितनी ज़मीन पर चलकर वापस शुरूवात किए हुए जगह पर पहुँच जाता है तो

वह सारी ज़मीन उसकी होगी। अगले दिन सुबह वह चलना शुरू किया। वह जितना ज्यादा ज़मीन हो सके, उतना ज्यादा चलना चाहता था। वह इस अवसर को खोना नहीं चाहता था। वह और धनी बनना चाहता था। दोपहर का समय था, उस समय उसे याद आया कि उसे वापस शुरूवात किए हुए जगह पर पहुँचना है। उसका लालच उसे बहुत दूर ले आया था। वह वापस लौटने लगा और जैसे–जैसे सूर्य ढ़लने लगा वह तेजी से दौड़ने लगा जिससे वह उस जगह पर वापस पहुँच सके। वह पूरी तरह थक चुका था। उसकी सांसे फूलने लगी थीं। वह पूरी जोर लगा कर दौड़ा और अन्त में वह शुरूवात किए हुए जगह पर पहुँचते ही गिर पड़ा और उसकी मृत्यु हो गयी। जीवन में हम भी ऐसे ही अपनी इच्छा या लालच को पूरी करने के लिए बहुत कुछ करते हैं। धन, ऐशो–आराम का जीवन और वैभव हमें अंधा बना देती है। हम बहुत त्याग, तपस्या और परहेज करते हैं लेकिन जीना भूल जाते हैं। हम सुसमाचार में उस धनी व्यक्ति की भांति अन्न बटोरना चाहते हैं जिसकी अगली सुबह मृत्यु हो जाती है (लूकस 12:13–21)।

अपने जीवन के बदले मनुष्य दे ही क्या सकता है? इस वाक्य पर यदि हम गहराई से मनन–चिन्तन करें तो हम आत्म–ग्लानि भी हो सकती है। कुछ चीजें या घटनाएँ होंगी जिन्हें हम शायद नहीं करना चाहते थे लेकिन वे हो चुकी है। जीवन अनमोल है और हमें एक बार ही मिलती है। इसे जीना सीखें। हममें किसी के पास जीवन देने या लेने का अधिकार नहीं। यह हमें वरदान के रूप में मिला है। खुद का जीवन समाप्त करने वाले इस बात पर गौर करें कि उन्हें जीवन वरदान में मिला है। माता–पिता ने उनकी परवरिश की है, बड़ा किया है, देखभाल की है। हो सकता है कभी–कभी परिस्थितियाँ कठिन और दुःखदायी रही हों लेकिन बड़े होने पर हमारी भी जिम्मेदारी बनती है कि हम कैसा जीवन जीना चाहते हैं। आज प्रभु येसु हमें उसके अनुयायी बनने के लिए बुलाते हैं। अनुयायी होने के लिए प्रभु चाहते हैं कि हम आत्मत्याग करें, अपना क्रूस उठायें और तब उनके पीछे चलें। हम शायद आत्मत्याग किए हों लेकिन अपना क्रूस नहीं उठाना चाहते और उसके पीछे भी नहीं चलना चाहते है; या फिर हो सकता है कि हम अपना क्रूस उठाते हों लेकिन आत्मत्याग नहीं करना चाहते हैं। तब हम सचमुच में उसके अनुयायी नहीं बन सकते। या फिर हम उसके पीछे चल रहे हों लेकिन आत्मत्याग और क्रूस नहीं उठाना चाहते हैं। आज हम प्रार्थना करें कि प्रभु हमें उसके अनुयायी बनने की कृपा प्रदान करे जिससे हम आत्मत्याग करते हुए, अपना क्रूस उठाते हुए उसके पीछे चल सकें।

Dates to Remember



BIRTHDAYS

Fr Ronald Fernándes		1st
Fr Siby Mathew		9th
Fr Anil Kispotta	SJ	10th
Fr Prabhakar	MSFS	11th
Fr Siju Thomas		14th
Fr Amar Jyoti Minj		26th
Fr Albert Kalloor	CST	27th

ORDINATIONS

Bp Emeritus Oswald Lewis (Epis. Installation Jpr)		**28/2005**
Fr Gnana Muthu	SJ	31/2024
Fr Chinnapparaj	SJ	26/2017

RIP

Fr Sujaya Paik	14/2025









Celebration of Grandparents Day in Jaipur





Grandparents Day Celebration at St. John the Baptist Church, Lalarpura



CCBI Bishops Joint Reflection Programme at Montfort Centre, Yercaud















Fr. Raymond Coelho Diamond Jubilee Cricket Tournament 2026



ऐसा परिवर्तन जो जीवन भर साथ रहे – नव जीवन केंद्र में,

हम समझते हैं कि नशे से मुक्ति सिर्फ आदत छोड़ने की नहीं,
बल्कि मन, शरीर और आत्मा के पूर्ण उपचार की यात्रा है।

हमारे समग्र उपचार कार्यक्रम

हम प्रत्येक व्यक्ति की अनूठी आवश्यकताओं के अनुसार विशेष उपचार योजनाएँ प्रदान करते हैं:

- **चिकित्सकीय निगरानी में डिटॉक्सिफिकेशन:**
  सुरक्षित और चिकित्सकीय देखरेख में डिटॉक्स प्रक्रिया,
  ताकि विदड्रॉल के लक्षणों को 24/7 देखभाल के साथ नियंत्रित किया जा सके।
- **शराब और नशा मुक्ति पुनर्वास:**
  गहन थेरेपी सत्र, जो नशे की जड़ों और निर्भरता के कारणों
  पर काम करते हुए स्थायी बदलाव लाते हैं।
- **ड्यूल डायग्नोसिस सहायता:** चिंता, अवसाद जैसे सहवर्ती मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के लिए एकीकृत उपचार।
- **संज्ञानात्मक व्यवहार थेरेपी (CBT):** ट्रिगर की पहचान करने और स्वस्थ सामना करने की रणनीतियाँ विकसित करने में सहायता।
- **समग्र उपचार विधियाँ:** योग, ध्यान, और पौष्टिक परामर्श के माध्यम से शरीर और मन को पुनसंतुलित करना।
- **परिवार परामर्श एवं सहयोग:** परिवार को साथ लेकर चलना, संबंधों को मजबूत करना और पुनर्वास के बाद स्थिर एवं समर्थनकारी वातावरण बनाना।





फ्र. जॉर्जिश ब्रिटो
संपर्क करें:
9636907788
हमारी वेबसाइट पर जाएँ
www.navjeevankendra.com

नव जीवन केंद्र

नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र

लालपुरा, गांधी पथ वेस्ट,
वैशाली नगर, जयपुर, राजस्थान 302021

ICYM JAIPUR DIOCESE



14th August – 16th August

DANCE MUSIC SPORTS

COMPETITIONS FELLOWSHIP

REGISTER NOW

ICYM_JAIPUR_DIOCESE


Nurturing Minds, Building Tomorrow

ST. ANSELM'S
SR. SEC SCHOOL, NAGAUR

LEAD KINDLY LIGHT

★ VALUES

- TRUTH
- KNOWLEDGE
- FREEDOM
- LOVE
- SERVICE



Empowering Students Enriching Lives

ADDRESS
BEHIND POLICE LINE
JAT COLONY NAGAUR

PHONE
01582240453

WEBSITE
anselmsnagaur.com

MAIL
anselmsnagaur@rediffmail.com